आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

पत्रांक– BRRDA(HQ) MMGSY(NDB) 05/23 1046 /पटना, दिनांक– 14/6/23

प्रेषक,

संजय दूबे भा०प्र०से०
विशेष सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (लेखा एवं हकदारी),
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : मुख्यशीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास, समूह शीर्ष–राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष–0519–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित], जिसका विपत्र कोड संख्या–37–4515– 00–103–0519 है, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित] के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए निम्नलिखित योजनाओं के निर्माण एवं इनके पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिए पथवार/पुलवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत [NDB(BRICS) सम्पोषित] वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए पथ निर्माण की कुल– कुल–09 (नौ) पथों एवं इसमें से एक पथ के आरेखण पर पड़ने वाले 01 (एक) RCC High level Bridge के निर्माण एवं इनके पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य हेतु निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ–11, 12, 13 में योजनावार अंकित राशि के लिए स्तम्भ–15 में अंकित कुल राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

तालिका

| Sl No. | District | Division | Block | Habitation | Survey ID | Population | Start point | | End point | Length as per DPR (In km) | Construction Amount in (Lacs) | Maintenance Amount in (Lacs) | Contingency @ 2.25%Amount in (Lacs) | Total Estimated Cost (In Lacs) | Total Technical Approval Amount (In Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | Banka | Banka-1 | Amarpur | Dharampur | 28509 | 900 | A | Luxmipur | Dharampur | 5.300 | 440.180 | 51.740 | 8.170 | 500.090 | 500.090 |
| 2 | Banka | Banka-1 | Shambhuganj | Biranudha gosai madhi | 28568 | 380 | A | Mirzapur Kiranpur Road | Biranudha | 4.175 | 504.120 | 42.360 | 9.390 | 555.870 | 555.870 |
| 3 | Samastipur | Dalsinghsarai | Bibhutipur | Mushar tola | 24979 | 450 | A | Near Chochahi Pokhar | Mushar Tola | 4.845 | 445.960 | 45.860 | 10.030 | 501.850 | 501.850 |
| 4 | Purnea | Dhamdaha | Barhara kothi | Sishwa | 16736 | 1025 | A | Dhamdaha Birahiganj RCD Road | Shishwa Yadav Tola | 5.800 | 600.899 | 57.602 | 13.520 | 672.021 | 672.021 |
| 5 | Madhepura | Madhepura | Madhepura | Chandanpur balam gariya | 28598 | 963 | A | MMGSY Road Biriniya | Chandanpur Balam Gariya | 5.610 | 538.601 | 67.875 | 12.119 | 618.600 | 618.600 |

| Sl No. | District | Division | Block | Habitation | Survey ID | Population | | Start point | End point | Length as per DPR (In km) | Construction Amount in (Lacs) | Maintenance Amount in (Lacs) | Contingency @ 2.25%Amount in (Lacs) | Total Estimated Cost ( In Lacs) | Total Technical Approval Amount ( In Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 6 | Madhepura | Madhepura | Shankarpur | Maharaji tola | 24149 | 700 | A | Garha Rampur Mohaliya Chouk Pakki Road | Maharaji Tola | 4.861 | 442.711 | 55.036 | 9.961 | 507.710 | [illegible]07.710 |
| 7 | Eastchamparan | Motihari | Sugauli | Mali ksmba panchayet ke bigayiya | 20063 | 400 | A | Mali Kasba Panchyat ke Biguiya | Kekarwa | 4.005 | 520.930 | 39.590 | 11.720 | 572.240 | 960.570 |
| | | | | | | | B | RCC Bridge of size (2x16.50 M) at ch. 2225 M of Road- Mali Kasba Panchyat ke Biguiya to Kekarwa | | 34.22M | 378.280 | 1.540 | 8.510 | 388.330 | |
| 8 | Purnea | Purnea | Banmankhi | Mushahari tola | 19637 | 700 | A | Mohaniya Arariya Dhruvbilash Road | Mushahari Tola Ram Tola and Paswan Tola via Ekraha | 3.900 | 546.826 | 42.824 | 12.304 | 601.954 | 601.954 |
| 9 | Sitamarhi | Sitamarhi | Majorganj | Pwd road mahadev | 28015 | 265 | A | Dumri Kala Kanya Vidyalya | PWD Road Mahadev | 3.926 | 467.798 | 36.086 | 10.525 | 514.410 | 514.410 |
| | | | | | | | | | **Grand Total** | **42.422** | **4886.305** | **440.513** | **106.249** | **5433.075** | **5433.075** |

2. माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री महोदय द्वारा निम्न शर्तों के साथ इस योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है :–

(I) ब्राडा के लिए निर्धारित प्रावधान/प्रक्रिया के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत राशि की निकासी की जायेगी।

(II) उक्त योजनाओं को वित्तीय वर्ष, 2023–24 एवं 2024–25 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

(III) संबंधित कार्यपालक अभियंता उक्त योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(IV) स्वीकृत योजनाओं की प्रविष्टि State Core Network के मानचित्र पर भी कराये जाने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।

(V) संबंधित कार्यपालक अभियंता सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ एवं इसके आरेखण पर पड़ने वाले RCC High level Bridge किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है एवं पूर्व में इन योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति नही दी गयी है।

(VI) संबंधित कार्यपालक अभियंता योजनाओं के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

(VII) इन योजनाओं की निविदा/पुनर्निविदा, **ई–निविदा** के माध्यम से मुख्यालय स्तर से करायी जायेगी।

(VIII) कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी। किये गये कार्यो का भुगतान गुणवत्ता के जाँच फल के गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा।

(IX) कार्यों का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना की मार्गदर्शिका एवं NDB से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में किया जायेगा।

(X) योजनाओं के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त करने के पूर्व एवं डी0पी0आर0 के साथ Social and Enviornment से संबंधित प्रपत्र संलग्न कराने की जिम्मेवारी संबंधित अधी़क्षण अभियंता की होगी।

(XI) योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्ययता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(XII) मुख्यशीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास, समूह शीर्ष–राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष–0519–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (NDB सम्पोषित), जिसका विपत्र

कोड संख्या–37 4515 00 103 0519 है, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (NDB सम्पोषित) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए बजटीय उपबंधित राशि ₹ 700.00 करोड़ से विकलनीय होगा।

(XIII) योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारीयों द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से किया जायेगा तथा प्रतिवेदन अभिलेखबद्ध किया जायेगा।

(XIV) संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

(XV) इन योजनाओं के पंचवर्षीय रख–रखाव की राशि गैर योजना मद शीर्ष–3054 से भारित किया जायेगा।

(XVI) पथ में प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुलों के DPR की समीक्षा State Technical Agency (STA) से कराये जाने के उपरान्त ही सक्षम प्राधिकार द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान किया जाना है।

3. इन योजनाओं की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री महोदय, द्वारा संचिका संख्याः– BRRDA(HQ) MMGSY(NDB)-05/23 के पृष्ठ–09/टि0 पर प्राप्त है।

4. इस योजना मद् में व्यय, बजट से प्राप्त राशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

5. यह आदेश वित्त विभाग की संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 की कंडिका–4 में निहित प्रावधान के आलोक में एवं संचिका संख्याः– BRRDA(HQ) MMGSY(NDB)- 05/23 के पृष्ठ– 12/टि0 पर विभागीय सचिव के आदेशानुसार आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– BRRDA(HQ) MMGSY(NDB)- 05/23 के पृष्ठ संख्याः– ....12..../टि0 पर दिनांकः– ....7.6.2023.... को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

13/6/2023

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः BRRDA(HQ) MMGSY(NDB)- 05/23 1046 /पटना, दिनांक–14/6/23

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उपविकास आयुक्त/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–1, 2, 3, पटना/मुख्य अभियंता–4/संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/6/2023

सरकार के विशेष सचिव